वार्ड परिक्रमा

चोक पड़ी नालियां, घरों से नहीं उठता कचरा

बनारसी दास वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

जबलपुर, नवभारत। शहर के बनारसी दास वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था चरमराई हुई है। यहां से निकले नाले और नालियों की बरसो से सफाई नहीं हुई है। बरसात के दिनों में नाले चोक होने से गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है। इससे न केवल वार्डवासियों को आवागमन में कठिनाई होती है, बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। वार्ड के निवासी ने नाम न छापने की शर्त पर नवभारत को बताया कि वार्ड से होकर गुजरे नाले की करीब नौ महीने से सफाई नहीं हुई है। जिसके कारण उनमें प्लास्टिक, पॉलिथीन और कचरे का अंबार जमा हो गया है। जब बारिश होती है, तो यही कचरा पानी के साथ मिलकर सड़कों पर फैल जाता है। इससे न केवल गंदगी का माहौल बनता है बल्कि बच्चों और बुजुर्गों को संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। बता दे कि बरसात के दिनों में स्थिति और ज्यादा बिगड़ जाती है, क्योंकि पानी निकासी का कोई सही इंतजाम नहीं है। परिणाम स्वरूप घरों के सामने बदबूदार पानी जमा हो जाता है, जिससे मच्छर और अन्य

हानिकारक कीट पनपने लगते हैं।

नहीं उठता है कचरा

स्वच्छता के बड़े बड़े दावे करने वाला नगर निगम बनारसी दास वार्ड के ककरैया तलैया मोहल्ले में फैले कचरे को उठाने में असमर्थ साबित हो रहा है। वार्डवासियों का कहना है कि उनके मोहल्ले से कचरे का उठाव नहीं हो रहा है। कचरा उठाव नहीं होने के कारण कूड़ा स्थल के आसपास में दुर्गंध व बदबू के कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है। लोगों के अनुसार वार्ड के ककरैया तलैया मोहल्ले के मुख्य द्वार के पास कचरा इस तरह से फेंका गया है कि वहां से होकर गुजरने वालो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं वार्ड के अन्य मोहल्लों से भी कचरे का उठाव बंद है। लोगों का कहना है कि निगम की लापरवाही के कारण सड़को पर फैली गंदगी कभी भी बीमारी बांट सकती है।

आज तक नहीं बन सकी सड़क

बनारसीदास वार्ड के ककरैया तलैया मोहल्ले में सड़क नहीं होने से स्थिति आज भी बेहद चिंताजनक बनी हुई है। शहर के बड़े वार्डो शुमार होने के बावजूद यहां के लोगों को अब तक बुनियादी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल सका है। सड़को के साथ साथ गर्मी में शुद्ध पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाओं के अभाव में मोहल्ले के लगभग सभी परिवार वर्षों से परेशानी का जीवन जीने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है कि चुनाव के बाद उनको उम्मीद थी कि उनका वार्ड भी अन्य शहरी इलाकों की तरह विकास की राह पर चलेगा, लेकिन वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है।

इनका कहना है

सिर्फ एक वार्ड ही नहीं शहर के हर क्षेत्रों की सड़के अच्छी होनी चाहिए। इससे हमारे शहर की छवि में निखार आता है। ये बहुत जरूरी है।

लक्ष्मी

ठेका बदल जाने के बाद सफाई व्यवस्था को जल्दी पटरी पर आना चाहिए। निगम को चोक पड़ी नालियों की भी सफाई करनी चाहिए।

नन्हे चौधरी

आप के द्वारा मुझे इन समस्याओं के बारे में जानकारी मिली है। सोमवार को संबंधित अधिकारियों को भेजकर समस्या हल की जाएगी।

प्रीति अमर रजक, पार्षद, बनारसी दास वार्ड

ग्वालियर, यूपी, महाराष्ट्र में काटी फरारी, तीन दिन की मिली रिमांड

करोड़ों की धोखाधड़ी के प्रकरणों में लंबे समय से था फरार

चिटलर ईनामी अमित खम्परिया को नागपुर से गिरफ्तार कर लाई पुलिस

जबलपुर। करोड़ों की धोखाधड़ी के प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे चिटलर ईनामी आरोपी अमित खम्परिया को पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार कर लिया। जिसे शहर लाने के बाद शनिवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से तीन दिन की रिमांड पर उसे लिया गया है। साथ ही पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात भी सामने आई कि आरोपी ने यूपी, ग्वालियर, महाराष्ट्र में अपने करीबियों के यहां फरारी काटी है। पुलिस अब मददगारों की भी जानकारी जुटा रही है। पुलिस के मुताबिक संजीवनी नगर एवं मदन महल थाने में दर्ज धोखाधड़ी के प्रकरणों में अमित खम्परिया पिता अनुरूद्ध खम्परिया 40 वर्ष निवासी दुर्गा कालोनी संजीवनी नगर का फरार था। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्यायने दस हजार रूपए का ईनाम घोषित किया। बाद में पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन जबलपुर प्रमोद वर्मा द्वारा ईनाम की राशि बढ़ाई। 30-30 हजार रूपए का ईनाम घोषित किया। इसी प्रकार पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट जो बालाघाट द्वारा भी जिला मण्डला के धोखाधडी के प्रकरण में फरार अमित खम्परिया की गिरफ्तारी पर 30 हजार रूपये के नगद पुरूस्कार से पुरूस्कत करने की उद्घोषणा की गयी थी। कुल 1 लाख रूपये का ईनाम उद्घोषित था।

ऐसे चढ़ा हत्थे

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अपराध) जितेन्द्र सिंह अति. पुलिस अधीक्षक जोन 2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, तथा नगर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर एम.डी. नागोतिया, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली रीतेश कुमार शिव, नगर पुलिस अधीक्षक कैंट उदयभान बागरी के मार्ग दर्शन में चौकी प्रभारी धनवंतरी नगर उप निरीक्षक दिनेश गौतम के नेतृत्व में संजीवनी नगर एवं क्राईम ब्रांच की टीम द्वारा तलाश कराई जा रही थी। इसी दौरान पता चला कि अमित खम्परिया नागपुर में है। जिसके बाद टीम ने नागपुर के थाना वथोडा क्षेत्र में दबिश देते हुये अमित खम्परिया को गिरफ्तार किया गया।

दर्ज है 17 अपराध

अवैध उत्खनन, धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत अमित खम्परिया के खिलाफ कुल 17 अपराध दर्ज है। खम्परिया के खिलाफ कटनी जिले के विजय राघवगढ से लेकर उमरिया के मानपुर, कोतवाली थाने एवं मंडला के खटिया थाने, नैनपुर थाने में अपराध दर्ज है। इसके अलावा मदनमहल, भेड़ाघाट, गढ़ा, लार्डगंज, संजीवनी नगर थाने में भी अपराध दर्ज है।

गाजीनगर के ट्रांसफॉर्मर में भड़की आग

नवभारत, जबलपुर। पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड के गाजी नगर मंगन होटल के पास स्थित ट्रांसफॉर्मर में शनिवार शाम करीब 6 बजकर 10 मिनिट पर अचानक आग भड़क उठी जिसके बाद स्थानीय जनों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने नवभारत को बताया कि सूचना देने के बहुत देर बाद फायर ब्रिगेड का अमला मौके पर पहुंचा जब तक स्थानीय लोगों ने ही आग पर काबू पा लिया था। उधर फायर अमले ने कहा कि एक वाहन के जरिए आग पर काबू पाया गया है। दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

जानकारी के अनुसार गाजी नगर गोहलपुर बस्ती नंबर 1 में मौजद ट्रांसफॉर्मर में अचानक आग भड़क उठी थी। आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पा रही है लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि लूज कनेक्शन या शॉट सर्किट की वजह से आग भड़की है।

पंडा की मढ़िया से आनंद कुंज तक सड़क और नाला निर्माण में बाधा बने चिन्हित अतिक्रमण हटे

शहर के प्रमुख चौराहे हुए कब्जा मुक्त, लेफ्ट टर्न हुए खाली

जबलपुर। अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने शनिवार को शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों और मार्गों पर सख्त कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे हुए अवैध कब्जों को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य शहर के यातायात को सुगम बनाना और निर्माणाधीन विकास परियोजनाओं को गति देना रहा।

अपर आयुक्त अरविन्द शाह ने बताया कि अभियान के तहत रांझी इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा, रजा चौक, मदन महल चौक तथा मदन महल थाना परिसर के आस-पास के क्षेत्र और कटंगा ब्रिज पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई। इन प्रमुख चौराहों और मार्गों पर वर्षों से जमे स्थाई और अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया गया। इस विशेष कार्रवाई से सभी प्रमुख स्थानों के महत्वपूर्ण लेफ्ट टर्न खाली हो गए हैं, जिससे यातायात का दबाव कम हुआ है और वाहन चालकों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में कई दुकानदारों ने सड़क की सीमा में कब्जा कर लिया था, जिससे यातायात में लगातार बाधा आ रही थी। अतिक्रमण दस्ता ने न सिर्फ अवैध टीन शेड और गुमटियों को हटाया, बल्कि चेतावनी भी दी कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

विकास कार्यों में बाधा बन रहे कब्जे ध्वस्त

अपर आयुक्त अरविन्द शाह ने बताया कि शहर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मामले में भी निगम ने बड़ी कार्रवाई की है। गढ़ा स्थित पंडा की मढ़िया से आनंद कुंज तक निर्माणाधीन सड़क और नाला निर्माण में बाधा बन रहे चिन्हित अतिक्रमणों को भी ध्वस्त कर दिया गया। ये अवैध निर्माण सड़क और नाले के निर्माण को रोक रहे थे, जिससे परियोजना अधूरी पड़ी थी। अतिक्रमणों के हटने से अब सड़क और नाला निर्माण कार्य तेज गति से पूरा किया जा सकेगा।

सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादन, भंडारण परिवहन, और क्रय-विक्रय पर रोक

पर्यावरण संरक्षण को लेकर निगमायुक्त ने दिए आदेश

जबलपुर। नगर निगम सीमाअंतर्गत पॉलीस्टाइरीन और विस्तारित पॉलीस्टाइरीन वस्तुओं सहित 19 चिन्हित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं को 4 श्रेणियों के निर्माण, आयात, भण्डारण वितरण, विक्रय और उपयोग पर रोक लगा दी गई है जिसमें स्टिक्स के अंतर्गत इयर बड्स, गुब्बारे, आइसक्रीम, कैंडी, कटलरी के अंतर्गत कप, प्लेट, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, ट्रे, स्ट्रॉ, एवं स्टिरर, रैपिंग फिल्म के अंतर्गत मिठाई के डिब्बे, निमंत्रण पत्र एवं सिगरेट पैकेट एवं अन्य के अंतर्गत झंडे, थेर्मोकोल की सजावटी सामग्री एवं 120 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर शामिल है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति, व्यापारी, या औद्योगिक प्रतिष्ठान के संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई और सामग्री भी जप्त होगी।

फ्लाईओवर पर जन्मदिन की धूम पड़ी भारी

जबलपुर। रानीताल फ्लाईओवर पर देर रात जन्मदिन मनाना एक युवक को भारी पड़ गया। वाहन क्रमांक एमपी 20 ज़ेडआर 6683 के चालक मयूर कुमार यादव ने फ्लाईओवर के ऊपर अपनी गाड़ी को खतरनाक तरीके से खड़ा कर पटाखे जलाए और नाच-गाना किया। इस दौरान वाहन असुरक्षित स्थिति में खड़ा रहने से राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने मौके से वीडियो और फोटो के आधार पर मयूर यादव के

खिलाफ कार्रवाई करते हुए एमपी मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 179(1), 119, 122 सहित आदेशों की अवहेलना, खतरनाक ढंग से वाहन खड़ा करना, तथा यातायात संकेतों का उल्लंघन करने पर 2500 रुपये का समन शुल्क वसूल किया। पुलिस ने चालक को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल दुर्घटना को आमंत्रित करती हैं, बल्कि फ्लाईओवर जैसे संवेदनशील स्थानों पर गंभीर खतरा उत्पन्न करती हैं। साथ ही, सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो पोस्ट न करने की भी हिदायत दी गई।

आग से झुलसे युवक की मौत

जबलपुर। माढ़ोताल थाना अंतर्गत बजरंग नगर आईटीआई में आग से झुलसे युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शनिवार को निजी अस्पताल से सूचना मिली कि अंशु विश्वकर्मा 33 वर्ष निवासी बजरंग नगर आईटीआई माढ़ोताल का घर में जलने से उपचार के लिए भर्ती कराया गया था जिसकी दौरान उपचार के रात लगभग 3 बजे अंशु विश्वकर्मा की मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है ।

6 दिसंबर को रहा प्रशासन अलर्ट मोड पर

संवेदनशील इलाकों के साथ सोशल मीडिया पर पैनी नजर

नवभारत, जबलपुर। वर्ष 1992 से जुड़ी घटनाओं के कारण शनिवार का दिन शहर में संवेदनशीन माना जाता है। इसलिए जिला व पुलिस प्रशासन इस दिन पर अलर्ट मोड पर था। एक पक्ष इसे शौर्य दिवस के रूप में देख रहा है तो दूसरा पक्ष इसको काला दिवस के रूप में मान रहा है। जानकारी के अनुसार दोनों ही पक्षों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की अनुमतियों के लिए प्रशासन को आवेदन दिए गए थे, लेकिन प्रशासन ने किसी भी आयोजन की अनुमति नहीं दी है। शहर के सभी संवेदनशील क्षेत्रों,हनुमानताल, गोरखपुर, अधारताल, गोहलपुर, लॉर्डगंज, विजय नगर और ग्रामीण इलाकों में पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की गई है। देर रात से ही पुलिस-प्रशासन के अधिकारी लगातार क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। भीड़ जमा करने या समूह बनाने पर रोक लगाई गई है।

सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी

34 वर्षीय विवादित इतिहास की पृष्ठभूमि को देखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी छोटी सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मौके पर पहुँचें। सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी तरह की भ्रामक पोस्ट, कमेंट या उकसावे की सामग्री फैल न सके। प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। प्रशासन का कहना है कि शौर्य दिवस या काला दिवस के किसी भी प्रकार के आयोजन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है और कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मैं एटीएस महाराष्ट्र से बोल रहे हूं, आप संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त है

धमकाते हुए साइबर ठग ने रिटायर्ड अधिकारी से ऐंठे 23.55 लाख

जबलपुर। मैं एटीएस महाराष्ट्र से बोल रहे हूं, आप संदिग्ध गतिविधियो में लिप्त है यह धमकी देते हुए साइबर ठग ने ऐंठे 23.55 लाख धमकाते हुए साइबर ठग ने रिटायर्ड अधिकारी से ऐंठे लिए।

पुलिस ने बताया कि अविनाश चंद्र दीवान पिता स्व. सी जे दीवान 76 वर्ष निवासी आशीष बिला 1127 नेपियर टाउन, शास्त्री ब्रिज के पास ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 2008 में एमपीवी से रिटायर्ड है। उसके मोबाइल नं. पर एक नं. से वाटसअप कॉल आया कि आप संदिग्ध गतिविधियो में लिप्त है और उन्होंने कहा कि हम एटीएस पूना (महाराष्ट्र) से बोल रहे है और धमकाते हुए बोला कि आपको किसी से बात नही करनी है और कहा कि आपके एकाउण्ट में 70 लाख रूपये का कमीशन आया है

जबकि बैंक एकाउण्ट में कोई पैसा नही आया था इसके बाद पुन: उसी नंवर से वाटसअप कॉल आया और उसने अपना नाम भूवा चुन्नीलाल राव और अपना पता ग्राउण्ड फ्लोर 11-12 जरथा रोड, ट्राइटेन्ट जूनागढ (गुजरात) बताया डर के कारण 10, 00, 000 रूपये यूनियन बैंक के माध्यम से किया। उसी दिन हर आधे घण्टे में धमकाने के लिए बार बार फोन आते रहे । इसके पश्चात एकाउण्ट में 7, 00, 000 रूपये स्टेट बैंक और हरीश चंद्रा के नाम 1, 00, 000 पेटीएम किया। इसके बाद 1,00, 000 रूपये और पेटीएम किया। उसके पश्चात उसे धमकाया जा रहा था कि आपकी प्रापर्टी सीज कर दी जायेगी । डर के पत्नि सविता दीवान के एकाउण्ट से समीर दुलाई के नाम से 4, 55,000 रूपये किये गये ।

महिलाओं के लिये 33 फीसदी आरक्षण जरूरी: सैनी

जबलपुर। मप्र स्टेट बार कॉउंसिल के वाईस चेयरमेन एवं जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष आरके सिंह सैनी ने कहा है कि वर्तमान में महिला अधिवक्ताओं की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए स्टेट बार कॉउसिल और अन्य अधिवक्ता संघो में महिला अधिवक्ताओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण जरूरी हो गया है। वह इसलिये कि महिला अधिवक्ताओं का भी सही ढंग से कॉउसिल एवं संघो में प्रतिनिधित्व हो सके।

वार्डवासियों ने पार्षद के खिलाफ खोला मोर्चा

नवभारत, जबलपुर। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वीर सावरकर वार्ड में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर जनता में भारी रोष व्याप्त है। क्षेत्रीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि नगर निगम में सत्ता पक्ष की पार्षद पूजा पटेल तथा उनके पति दिलीप पटेल के कार्यकाल में वार्ड की जनता पेयजल, सड़क, नाली, साफ-सफाई, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रही है। इन समस्याओं को लेकर वार्ड की गरीब एवं आम जनता ने समाजसेवी अजय ग्रोवर के नेतृत्व में उग्र आंदोलन की तैयारी की है। चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द ही मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं तो पार्षद के निवास स्थान पर बड़े स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। जनसभा में सुमित बाई कोरी, पूनम कोरी, चंदाबाई झारिया, रश्मि कोरी, आकाश कोरी, सहित वार्ड की सैकड़ों महिलाएं एवं नागरिक उपस्थित रहे।

शारदा वेयरहाउस में मिला 1097 बोरी धान का अवैध भंडार, गोदाम सील

नवभारत, जबलपुर। जिले में अवैध रूप से धान भंडारण करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। शनिवार को जांच दल ने मझौली के शारदा वेयरहाउस में अवैध रूप से रखी लगभग 1097 बोरी धान मिली है। एसडीएम सिहोरा पुष्पेंद्र अहाके के अनुसार शनिवार को राजस्व विभाग के दल के निरीक्षण के दौरान मझौली तहसील के ग्राम धनगवां स्थित शारदा वेयरहाउस के गोदाम क्रमांक 33 को धान का अवैध भंडारण पाये जाने पर सील कर दिया गया है। इस गोदाम में करीब 1097 बोरी धान अवैध रूप से रखी पाई गई थी। उल्लेखनीय है कि धान भंडारण करने वाले व्यापारी किसानों की आड़ में धान उपार्जन व्यवस्था का अनुचित लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं। जिन पर सख्ती से लगाम लगाने के कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर लगातार कार्यवाही करते हुए धान भंडारित करने वाली गोदामों को सील किया जा रहा है।

परेड

अग्निवीरों के छठे बैच की भव्य पासिंग आउट परेड

आर्मी जवानों ने पूरी की 31 सप्ताह की कठोर ट्रेनिंग

नवभारत, जबलपुर। मिलिट्री स्टेशन में 6 दिसम्बर 2025 को ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर में अग्निवीरों के छठे बैच की पासिंग आउट परेड आयोजित की गई। कुल 767 अग्निवीरों और 86 टेरिटोरियल आर्मी जवानों ने 31 सप्ताह की कठिन प्रशिक्षण अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर भारतीय सेना में अपने सफर की शुरुआत की। परेड के दौरान अग्निवीरों ने अनुशासन, परिशुद्धता और साहस का शानदार प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम उनके संकल्प और सेवा भावना का प्रतीक रहा। कमांडेंट ब्रिगेडियर प्रकाश सिंह राणा ने परेड की समीक्षा की और उन्हें प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई दी।

शपथ और परिवारों का गर्व

अंतिम पग रखने के बाद अग्निवीरों ने गीता, कुरान, गुरु ग्रंथ साहिब और बाइबल पर हाथ रखकर देश की संप्रभुता की रक्षा की शपथ ली। उनके माता-पिता गर्व और भावनाओं से भरे पल के साक्षी बने। परेड के दौरान प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अग्निवीरों को सम्मानित किया गया। समारोह में 'गौरव पदक' वितरित किए गए, जो उनके माता-पिता के समर्पण और बलिदान का प्रतीक हैं।

भविष्य की जिम्मेदारी

पास आउट होने के बाद ये अग्निवीर भारत की सीमाओं पर तैनात होंगे और राष्ट्रीय सुरक्षा में अपनी भूमिका निभाएंगे। समूह फोटो और युद्ध घोष 'सर्वदा शक्तिशाली' तथा 'भारत माता की जय' के साथ इस ऐतिहासिक समारोह का समापन हुआ।

राजीव गांधी नगर के 120 परिवारों के पास अब बचे 4 दिन

सैन्य जमीन पर आशियाने बनाकर रहे रहे लोगों का मामला आशियाने बचाने को लेकर जगी उम्मीद की किरण

नवभारत, जबलपुर। कैंट के राजीव गांधी नगर की सैन्य जमीन पर अतिक्रमण कर पिछले कई सालों से रह रहे करीब 120 परिवारों के पास आशियाने हटाने के लिए अब महज 4 दिन बचे हुए हैं ऐसे में वे सभी काफी बेचैन नजर आ रहे हैं। हालांकि शनिवार को इन परिवारों के सामने कैंट विधायक अशोक रोहाणी एक उम्मीद की किरण के रूप में सामने आए हैं जिन्होंने आश्वासन दिया है कि परिवारों की हर संभव मदद की जाएगी।

अब आने वाले दिनों में ये देखना होगा कि सैन्य प्रशासन की कार्रवाई की जद में विधायकक इन लोगों का किस तरह से समर्थन करेंगे। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले डिफेंस इस्टेट ऑफिसर ने राजीव गांधी नगर में रह रहे करीब 120 परिवारों को नोटिस दिया था कि वे अपने अपने कब्जे 10 दिसंबर तक खुद हटा लें

अगर कागज हों तो पेश करें

अक्टूबर और नवंबर माह में डीईओ कार्यालय से संबंधित परिवारों को कई बार नोटिस जारी करके बोला जा चुका है कि अगर इस जमीन से संबंधित उनके पास कोई भी दस्तावेज उपलब्ध हों तो वे सामने लाएं नहीं तो अपने-अपने कब्जे को खुद हटा लें।